न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 809 / 2024

अनवान : –

1. सुभाष पुत्र हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
2. ओमप्रकाश पुत्र हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।

– वादीगण

बनाम्

1. हंसराम पुत्र गणपत जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
2. रामसिंह पुत्र हन्सराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
3. राजाराम पुत्र हन्सराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
4. बगरावत पुत्र हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
5. रमेश पुत्र हन्सराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
6. सुमित्रा पुत्री हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
7. शारदा देवी पुत्री हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– प्रतिवादीगण

दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त0 अधि0 1955

उपस्थिति :– श्री कुलदीप सिंह खुडिया अधिवक्ता **वादी**
श्री रविकान्त स्वामी अधिवक्ता **प्रतिवादीगण**

निर्णय दिनांकः 04/9/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तसहील नोहर के खाता स0 187 / 45 की कुल 19.8290 हैक्ट भूमि में से 1983 / 39658 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता स0 254 / 260 की कुल 11.2300 हैक्ट में से 2297 / 56150 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त वाद भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है जो की पूर्व में वादी के दादा गणपत के नाम दर्ज थी उनकी फौतदगी के बाद प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज हुई जो की वादी का पिता है। प्रतिवादी संख्या 1 कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण वाद भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के अकेले के नाम दर्ज हो गई उक्त वाद भूमि में वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 7 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ जन्म जात हक हिस्सा है। प्रतिवादीगण संख्या 6 व 7 जो की वादी व प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 5 की बहिने है तथा प्रतिवादी संख्या 1 जो की की वादी का पिता है उक्त वाद भूमि में कोई हक हिस्सा नही लेना चाहते है इन्होने अपना हक हिस्सा वादी व प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 5 के पक्ष में परित्याग कर दिया है। बाद हक त्याग वाद भूमि पर वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 5 बहबि [illegible] काश्तार है। जिसकी वादी न्यायालय से घोषणा करवा पाने का अधिकारी है। यही [illegible]।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:42:00 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

वादी ने प्रतिवादी स0 1 को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावें की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ता 7 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 7 को कोई ऐतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 8 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य नवीनतम जमाबंदी, शपथ पत्र बाबत सदस्य आदि दस्तावेज पेश किये जो की शामिल मिसल किये गये।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद भूमि वादी की दादालाई कृषि भूमि है जो की वर्तमान में वादी के पिता के नाम दर्ज है उक्त वाद भूमि पैतृक कृषि भूमि है जिसमें वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 2 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ जन्म से हक हिस्सा है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा जो की वर्तमान में वादी के पिता के नाम दर्ज है उक्त वाद भूमि पैतृक कृषि भूमि है जिसमें वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 2 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ जन्म से हक हिस्सा है। वादी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से उक्त वाद भूमि पैतृक भूमि होना साबित है तथा उभयपक्ष ने भी उक्त वाद भूमि हिन्दु परिवार की साझा आय से अर्जित पैतृक कृषि भूमि होना जाहिर किया है। वादी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र एवं सजरा खानदान के अनुसार प्रतिवादी संख्या 1 के अन्य [illegible] रिस नही होना स्वीकार किया गया है। प्रतिवादीगण संख्या 6 ता 7 ने अ[illegible] कर लिया है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल [illegible]श किया गया है कि वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 को कोई एतराज नही है। अतः वाद

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:42:00 IST
Reason: SelfAttested

अखण्ड अधिकारी
नोहर

वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि मौजा ललानाबास दिखनादा तसहील नोहर के खाता स0 187/45 की कुल 19.8290 हैक्ट भूमि में से 1983/39658 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता स0 254/260 की कुल 11.2300 हैक्ट में से 2297/56150 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 5 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 04/9/2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:42:00 IST
Reason: SelfAttested

पर्चा डिक्री

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 809/2024

अनवान : –

1. सुभाष पुत्र हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
2. ओमप्रकाश पुत्र हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।

– वादीगण

बनाम्

1. हंसराम पुत्र गणपत जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
2. रामसिंह पुत्र हन्सराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
3. राजाराम पुत्र हन्सराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
4. बगरावत पुत्र हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
5. रमेश पुत्र हन्सराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
6. सुमित्रा पुत्री हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
7. शारदा देवी पुत्री हंसराम जाति धाणक निवासी ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
राजस्व वाद संख्या 809 सन 2024 निर्णय दिनांक 04/9/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादीगण श्री कुलदीप सिंह खुडिया एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादीगण साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादीगण मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि मौजा ललानाबास दिखनादा तसहील नोहर के खाता स0 187/45 की कुल 19.8290 हैक्ट भूमि में से 1983/39658 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता स0 254/260 की कुल 11.2300 हैक्ट में से 2297/56150 हिस्सा भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 5 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 04/9/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:42:00 IST
Reason: SelfAttested